सब्जी मंडी में रास्ता बाधित करने वालों को हटाकर दी समझाइश

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 11 अक्टूबर। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु लगातार निर्देशित किया जा रहा है। इसी में गांधी पार्क के समीप संचालित सब्जी मण्डी को लेकर यातायात प्रभारी रणवीर यादव के द्वारा नपा अमले के साथ मौके पर पहुंचकर सब्जी मण्डी का संचालन करने वालों को समझाईश दी कि सब्जी मण्डी में रास्ता बाधित करने को लेकर कार्यवाही की जाएगी। इसलिए अभी समझाईश दी जा रही है और इसके बाद भी सुधार नहीं हुआ तो संबंधितों पर कार्यवाही होगी।

ईंट-बजरी, गिट्टी के वाहनो पर भी लगा प्रतिबंध, फड़ संचालकों के साथ हुई बैठक

बताना होगा कि यातायात प्रभारी रणवीर सिंह यादव द्वारा यातायात पुलिस एवं नगर पालिका प्रशासन के साथ मिलकर मानस भवन के पास सब्जी मंडी पर रोड पर सामान रखकर व्यापार कर रहे लोगों को वहां से हटाया गया। बाहर सामान रखकर व्यापार करने से आम रास्ता बाधित होता है, जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही व्यापारियों को समझाइश दी गई कि भविष्य में सब्जी मंडी के अंदर ही अपना व्यापार करें। बाहर सड़क पर सब्जी मंडी लगाकर व्यापार करते हुए पाए जाने की दृष्टि में चालानी कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही यातायात प्रभारी के द्वारा यातायात थाना परिसर में ईंट, बजरी का फड़ संचालित करने वालों के साथ भी बैठक की गई और उन्हें समझाईश दी कि आए दिन शहर में भारी वाहनों के प्रवेश के समय हादसे हो रहे है इसलिए इन हादसों की रोकथाम को लेकर अब से सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक शहर के भीतर कोई भी ईंट, बजरी से भरा हुआ वाहन प्रवेश नहीं करेगा, यदि इसके बाद भी कोई वाहन यहां नगर में प्रवेश करता हुआ पाया जाता है तो संबंधित वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। यातायात पुलिस लगातार सीसीटीव्ही के माध्यम से ईंट-बजरी के इन भारी वाहनों को लेकर सतत निगरानी बनाए हुए है। इस दौरान फड़ संचालकों के द्वारा भी कई सुझाव दिए गए लेकिन शहर में लगातार होने वाले हादसों की रोकथाम को लेकर यातायात प्रभारी ने सभी फड़ संचालकों को ईंट, बजरी, गिट्टी आदि भारी वाहनों को अब सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक के लिए नगर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया

नवभारत न्यूज

सागर 11 अक्टूबर. सामाजिक न्याय विभाग द्वारा नशा मुक्ति परामर्श एवं उपचार उपचार केंद्र संस्था एवं इमानुएल हाई सेकेंडरी स्कूल के सहयोग से स्कूल में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जन जागरूकता का कार्यक्रम किया गया.

कार्यक्रम मे सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त संचालक डॉ.डीएस यादव उपस्थित रहे. स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा नशा न करने पर भाषण प्रस्तुत किए. संयुक्त संचालक डी.एस यादव ने नशे से होने वाले दुष्ट प्रभाव से अवगत कराया. प्राचार्य आनंद गुप्ता ने भी नशे से होने वाली हानियों से अवगत कराया एवं सभी छात्र-छात्राओं को नशा न करने की शपथ दिलाई. भाषण प्रतियोगीता में प्रथम, द्वितीय, तृतीयस्थान पाने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया. संचालन असगर कुरैशी ने किया.

कार्यक्रम में वंदना जूदहा, सलमान खान, अंजली दुबे, आशिया, अमित नेमा, रामगोपाल सोनी सहित सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे.

जीतू पटवारी आज शिवपुरी में, होगा स्वागत

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 11 अक्टूबर। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी 12 अक्टूबर रविवार को अपने एक दिवसीय प्रवास पर किसान न्याय यात्रा लेकर शिवपुरी पधार रहे हैं। इतना ही नहीं बताना होगा कि शहर के गांधी पार्क मैदान में एक विशाल जन सभा को भी संबोधित करेंगे।

समाजसेवी एवं युवा कांग्रेस नेता अवधेश शिवहरे के नेतृत्व में निकाली जाएगी विशाल वाईक रैली

जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अपने एक दिवसीय प्रवास पर 12 अक्टूबर रविवार को शिवपुरी आ रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सुबह 8 बजे भोपाल से चलकर 12 बजे शिवपुरी पहुंचेंगे जहां गुना बाईपास पर कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मोहित अग्रवाल के जिला कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद गुना बाईपास से विशाल रैली के रूप में मुख्य मार्गो से होते हुए गांधी पार्क मैदान पहुंचेंगे जहां विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे उनके दौरे से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है शहर में जगह-जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने नेता के स्वागत में होर्डिंग बैनरों से दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने सभी जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आम जनता से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर रैली एवं जनसभा को सफल बनाएं।

युवा कांग्रेस निकालेगी विशाल बाइक रैली

कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के शिवपुरी दौरे के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है वहीं समाज सेवी एवं युवा कांग्रेस नेता अवधेश शिवहरे के नेतृत्व में कथा मिल के सामने ए एस ग्रुप ऑफिस से सुबह 10 :30 बजे विशाल बाइक रैली प्रारंभ होगी, जो ग्वालियर बायपास होते हुए कमलागंज, माधव चौक, गुरुद्वारा, झांसी चौराहा होते हुए गुना बाईपास पहुंचेगी, जहां से प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ रैली में शामिल होकर मुख्य मांगों से होते हुए गांधी पार्क पहुंचेगी। विशाल बाइक रैली को लेकर युवा नेता अवधेश शिवहरे एवं उनकी टीम द्वारा रैली को शानदार एवं सफल बनाने भव्य तैयारियां की जा रही हैं। युवा नेता एवं समाजसेवी अवधेश शिवहरे ने सभी आम जनता से अपील की हैं कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर वाईक रैली में शामिल होकर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की विशाल रैली एवं आम सभा को सफल बनाएं।

शैक्षणिक स्तर जानने बच्चों से पढ़वाई किताब, हल करवाए गणित के सवाल

शहर के स्कूलों में कक्षानुरूप नहीं मिला बच्चों का स्तर, जताई नाराजगी, सुधार के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 11 अक्टूबर। नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुए करीब चार महीने बीत चुके हैं और सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रशिक्षणों के साथ-साथ मॉनीटरिंग का क्रम जारी है। इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने शनिवार को शहर के कुछ सरकारी स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी बच्चों के वास्तविक शैक्षणिक स्तर को परखने के लिए उनके बीच घुल मिल गए और शिक्षक बनकर कभी किताब उठाकर शब्द और वाक्य पढ़वाए तो कभी चाक थामकर बोर्ड पर गणित के जोड़ व घटाव के सवाल पूछे और हल करवाए। यहां डीईओ ने बच्चों की अभ्यास पुस्तिका का भी मुआयना किया। हालांकि शहर के सभी स्कूल विधिवत संचालित तो मिले, लेकिन बच्चों का शैक्षणिक स्तर कक्षानुरूप नहीं मिला। जिस पर डीईओ ने नाराजगी जताते हुए संबंधित स्कूलों के शिक्षकों को सुधार के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान उनके साथ आरएमएसए के एडीपीसी राजाबाबू आर्य व डीईओ कार्यालय के निरीक्षण प्रभारी उदय तौमर मौजूद थे। डीईओ का कहना है कि स्कूलों के सतत निरीक्षण का क्रम जारी रहेगा और सभी शिक्षक कक्षानुरूप शैक्षणिक स्तर को बनाने के लिए सतत कार्य करें।

मोहनीसागर से पुरानी शिवपुरी तक किए निरीक्षण : डीईओ श्रीवास्तव ने शहर के विभिन्न छोरों पर स्थित स्कूलों का निरीक्षण किया। मोहनी सागर कॉलोनी स्थित एकीकृत मावि मोहनीसागर में बच्चों से रूबरू हुए और शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए, वहीं प्राथमिक विद्यालय सिद्धेश्वर एवं नीलगर चौराहा पुरानी शिवपुरी स्थित एकीकृत मावि स्कूल का भी निरीक्षण किया। डीईओ ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि बहुशिक्षण पद्धति का उपयोग किया जाए। शिक्षक कक्षा में पहुंचने से पहले पाठ योजना के अनुसार तैयारी करकर आएं। उन्होंने कहा कि बच्चों को समूह बनाकर अध्यापन कराएं और कक्षा का वातावरण आनंदमय हो जिससे छोटे बच्चे अध्यापन को रुचिकर दृष्टि से अपनाएं।

इधर संकुल प्रभारियों की क्लास, वन-टू-वन चर्चा

शनिवार को ही डीईओ श्रीवास्तव ने शहर के उत्कृष्ट उमावि क्र . 1 स्कूल के सभाकक्ष में जिले के सभी संकुल प्रभारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने एजेंड़े के अनुसार वन-टू-वन चर्चा की और समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। खासतौर पर एमपी टास्क छात्रवृत्ति योजना व सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों सहित न्यायालय प्रकरणों पर विशेष फोकस रहा। साथ ही शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों के लंबित क्रमोन्नति प्रकरण तत्काल भेजने के निर्देश दिए। अनुकंपा, पेंशन, जांच प्रतिवेदन, अपार आईडी व 3 .0 पोर्टल को लेकर भी समीक्षा की गई। इसके अलावा परीक्षा परिणामों में सुधार को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई।

इनका कहना है...

जिले के सभी स्कूलों में उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण निर्मित हो और बच्चों का शैक्षणिक स्तर कक्षानुरूप हो इसे लेकर मॉनीटरिंग के माध्यम से सकारात्मक माहौल बना रहे हैं। इसी क्रम में आज शहर के कुछ स्कूलों में बच्चों से रूबरू होकर उनका शैक्षणिक स्तर जाना और शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

- विवेक श्रीवास्तव
जिला शिक्षा अधिकारी, शिवपुरी

त्योहारों पर मिलावटखोरी पर सख्ती, खाद्य सुरक्षा दल की कार्यवाही जारी

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 11 अक्टूबर। दीपावली एवं अन्य आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिलावट खोरो के विरूद्ध कडी कार्यवाही करते हुए लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले खाद्य एवं अपमिश्रण विभाग द्वारा जिले के कई प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थो के नमूने लिए गए। जिन्हें परीक्षण के लिए भोपाल लैब भेजा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह जिला अभिहित अधिकारी ;खाद्य एवं अपमिश्रण डॉ. संजय ऋषीश्वर ने जानकारी देते हुए बताया कि त्योहारों के दौरान उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने हेतु जिले में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार जिलेभर में खाध सुरक्षा निरीक्षकों के द्वारा बाजारों में मिष्ठान भंडार और खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जाकर सभी खाद्य कारोबारियों को अधिनियम के नियमों के अनुरूप स्वच्छता और गुणवत्ता के मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। इस क्रम में जिले के विभिन्न कस्बों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जाने की कार्यवाही को भी अंजाम दिया गया है। जिसके तहत सांई सुमित मिष्ठान भंडार पिछोर से पनीर ;खुला एवं मावा बर्फी ;लूज, लक्ष्मण मिष्ठान भंडार पिछोर से बेसन के लड्डू लूज एवं मावा बर्फी ;लूज, अग्रवाल मिष्ठान भंडार शिवपुरी से नमकीन सेव ;लूज, मां गायत्री मिष्ठान भंडार रन्नौद से मावा (खुला, पनीर) खुला एवं बेसन के लड्डू, खान केक पॉइंट करैरा से मिल्क केक, मिल्क पाउडर एवं शक्कर तथा न्यू राजस्थान स्वीट होम खनियाधाना से रबड़ी, दही और मोतीचूर के लड्डू साथ ही हरिशंकर अशोक कुमार शिवपुरी से ज्योति किरण ब्रांड सरसों तेल के नमूने सम्मिलित हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय ऋषीश्वर ने बताया कि खाध एवं अप मिश्रण निरीक्षक द्वारा लिए गए सभी नमूनों को खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल में परीक्षण हेतु भेजा गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने पर दोषी पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

100 वर्ष का हुआ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

नवभारत न्यूज

दिनारा, 11 अक्टूबर। दिनारा करैरा विधानसभा दिनारा नगर पंचायत में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ के कार्यकर्ताओं में उमंग ऊर्जा और उत्साह के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उत्साहपूर्ण अनुशासन में पंथ संचलन निकाला दिनारा एवं आसपास के क्षेत्र के संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा घोष की धुन पर पूर्ण गणेश में कदमताल करते हुए सैकड़ो संघ के कार्यकर्ताओं ने दिनारा रेस्ट हाउस से पंथ संचलन प्रारंभ करते हुए हाईवे के सर्विस रोड सर्राफ बाजार होते हुए करीब दो या तीन किलोमीटर पथ संचलन में भाग लिया बड़ी संख्या में स्वयंसेवक इसकी व्यवस्था में कई दिनों से लगे रहते हैं।

पथ संचलन को देखने के लिए दिनारा की सड़कों के किनारे उमड़ी कॉलोनी में गली किनारे तथा छतों से पुष्प वर्षा कर पंथ संचलन में शामिल राष्ट्रीय स्वयं सेवकों का दिनारा में जगह-जगह स्वागत किया गया दिनारा नगर पंचायत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंथ संचलन निकलने पर दिनारा के आम नागरिकों में उत्साह और उमंग ऊर्जा के साथ साथ दिनारा में कई लोगों ने दरवाजे पर खड़े होकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं पर पुष्प वर्षा कर हाथ जोड़कर मुस्कुराते हुए उनका अभिवादन किया।

35 मप्र बटालियन एनसीसी का प्रशिक्षण शिविर पीजी कॉलेज में

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 11 अक्टूबर। 35 मध्य प्रदेश बटालियन एनसीसी शिवपुरी के कमान अधिकारी एवं कैंप कमांडेंट कर्नल विजय वीर सिंह दहिया ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि 35 मध्य प्रदेश बटालियन एनसीसी शिवपुरी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर दिनांक 6.10.2025 से 15 10 2025 तक प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय एसएमएस पीजी महाविद्यालय शिवपुरी में संचालित है।

इस शिविर में शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, श्योपुर, ग्वालियर की जूनियर एवं सीनियर एन सी सी इकाइयों के लगभग 300 कैडेट्स प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस शिविर में शिविर समय सारणी के अनुसार मुख्य रूप से पी. टी. ,योगा, ड्रिल, फायरिंग एवं खेल विधा के अंतर्गत वॉलीबॉल बैडमिंटन, फुटबॉल, खो-खो, दौड़ इत्यादि का गहन प्रशिक्षण कैडेट्स को दिया जा रहा है। इनके अलावा एनसीसी के विभिन्न सब्जेक्ट पर आधारित जैसे मैप रीडिंग, एस. एस. सी. डी., . 22 राइफल का खोलना जोड़ना, मेंटल एवं फिजिकल हेल्थ, हेल्थ एंड हाइजीन, साइबर सिक्योरिटी एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता जैसे विषयों को पढ़ाने के साथ-साथ शिवपुरी के विभिन्न विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित करके फायर फाइटिंग, ब्लड डोनेशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान के साथ-साथ लाइव डेमो के द्वारा कैडेट्स को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण को कमान अधिकारी एवं कैंप कमांडेंट कर्नल विजय वीर सिंह दहिया एवं बटालियन के एडम अफसर लेफ्टिनेंट कर्नल ए. एन. रेड्डी के मार्गदर्शन में कैप्टन मनोज भिरोरिया, कैप्टन अरविंद दोहरे, कैप्टन गुलाब सिंह, लेफ्टिनेंट अनीता कैमोर, लेफ्टिनेंट किरण मेहरा, लेफ्टिनेंट सारिका महेश्वरी, जी सी आई रिया बघेल, ट्रेनिंग जेसीओ भूपेंद्र सिंह, एवं बटालियन का समस्त पी.आई. स्टाफ कुशलता पूर्वक करा रहे हैं। कैंप की समस्त बंदोबस्ती का कार्य बटालियन के सूबेदार मेजर अमरजीत मलिक संभाल रहे हैं।

सामाजिक समरसता ही संघ का सूत्र : प्रांत प्रचारक गुप्ता

नवभारत न्यूज

बदरवास, 11 अक्टूबर। राष्ट्रीयता, देशभक्ति, अनुशासन, त्याग और समर्पण के लिए पहचाने जाने वाले राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) ने स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण करने और शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बदरवास नगर में शनिवार को विशाल और भव्य पथ संचलन निकाला। संचलन में हजारों की संख्या में पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवक उत्साह, गरिमा, अनुशासन और शांतिपूर्ण तरीके से संपूर्ण नगर में घोष, वाद्यों के साथ कदम से कदम मिलाते हुए राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का भाव जागृत कर सामाजिक संदेश देते हुए निकले। पथ संचलन का उद्देश्य राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, सामाजिक समरसता, समभाव और संगठन की भावना को जनमानस में जागृत करने का रहा। नगर के संपूर्ण मार्ग पर जबरदस्त स्वागत और उत्साहवर्धन कर नगरवासी इस ऐतिहासिक पथ संचलन के साक्षी बने।

बदरवास नगर में निकला अनुशासित विशाल पथ संचलन, गूंजे राष्ट्रभक्ति के स्वर

बदरवास में आयोजित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के पथ संचलन निकलने के पूर्व अनाज मंडी प्रांगण में स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आरएसएस के प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता रहे।उपस्थित अतिथियों ने भारतमाता की पूजन अर्चन कर शस्त्र पूजन किया। मुख्य वक्ता के हैसियत से बोलते हुए आरएसएस के प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता ने हजारों के संख्या में मैदान में पंक्तिबद्ध और अनुशासित बैठे उपस्थित स्वयंसेवकों के विशाल समूह को संबोधित करते हुए कहा कि संघ अपनी शताब्दी यात्रा को तय कर चुका है और इस शतकीय यात्रा में कई उतार चढ़ाव हमें देखने को मिले हैं। राष्ट्रभक्ति, त्याग, तपस्या, अनुशासन को ध्येय बनाकर चलने वाले विश्व के अराजनैतिक संगठन का नाम राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ है जो स्वयंसेवकों त्याग, समर्पण की बदौलत आज महासागर का रूप ले चुका है। भारत देश का प्रत्येक नागरिक भारत माता की संतान है और भारत भूमि हमारी माता और हम इसके पुत्र हैं। पंच परिवर्तन जिनमें समरसता, स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण शामिल हैं हम इन सबके लिए सोचें और राष्ट्र के लिए जो भी अच्छा कर सकें वो करें।कार्यक्रम के मंच पर आचार्य राजेशजी महाराज, खंड चालक जगदीश गोस्वामी, रमेश अग्रवाल भी मंचासीन थे। मुख्य वक्ता के उद्बोधन के पश्चात मंडी प्रांगण से विशाल पथ संचलन प्रारंभ हुआ जिसमें स्वयंसेवक राष्ट्रीयता और देशभक्ति के भाव सजाकर अनुशासनपूर्ण, गणवेश में क्रमबद्ध होकर निकले। सफेद शर्ट, खाकी पैंट, सिर पर काली टोपी और हाथों में दंड लेकर एक क़तारबद्ध होकर निकल रहे स्वयंसेवक आकर्षण का केंद्र रहे। पथ संचलन में स्वयंसेवकों में जोश भरने हेतु घोष चल रहे थे जिसकी थाप पर स्वयंसेवक कदम से कदम मिलाकर सीना ताने और मस्तक को ऊंचा उठाए अनुशासित भाव में कतारबद्ध होकर भारत माता को नमन करते हुए चल रहे थे। पथ संचलन अनाज मंडी प्रांगण से प्रारंभ होकर, इंदिरा कॉलोनी, सब्जी मंडी, एबी रोड, लाल चौक, रिजौदी रोड, जैन कॉलोनी, अस्पताल चौराहा, पंचमुखी मंदिर, हतनापुर रोड, अम्बेडकर कॉलोनी, ग्वाल मोहल्ला, कटरा मोहल्ला, पुराना बाजार, मठ मोहल्ला, लक्ष्मीगंज, हनुमान कॉलोनी, बारई रोड, पुराना पेट्रोल पंप होते हुए श्रीराम कॉलोनी, सड़ रोड, ब्लॉक, मंडी रोड होते हुए बापिस अनाज मंडी प्रांगण में पहुंचकर समापन हुआ।

नगरवासियों ने किया संचलन का जोशीला स्वागत

संघ शताब्दी वर्ष पर बदरवास में निकले आरएसएस के पथ संचलन का संपूर्ण नगर में नगरवासियों ने बहुत ही जोशीला स्वागत किया। पूरे मार्ग में जगह-जगह संचलन के स्वागत हेतु द्वार, होर्डिंग, बैनर, रंगोली आदि लोगों द्वारा बनाए गए थे। अपने-अपने घरों के आगे, छतों से पथ संचलन पर जबरदस्त पुष्पवर्षा कर नागरिकों ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। लगभग छह किलोमीटर लंबे मार्ग से निकले इस पथ संचलन ने नगर में उत्सब जैसा राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत माहौल निर्मित कर दिया। कई स्थानों पर बड़ी ही आकर्षक झांकियां सजाई गई थीं जिनमें कई अमर विभूतियों के स्वरुप बनाये गए थे। नगरवासियों में इस संचलन को देखने की बहुत ही उत्सुकता दिखी।मार्ग में सड़क किनारे हजारों लोग राष्ट्रभक्ति भावना से ओतप्रोत इस पथ संचलन को देखने घंटों खड़े होकर इसको निहारते रहे।गली, मोहल्लों, कॉलोनियों और चौराहों पर नागरिकों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि जोशीले नारे लगाते हुए पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साह बढ़ाया।